आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 29.08.2026
समय 720

**मुख्य समाचार :–**

- भारत ने बाढ़ प्रभावित नेपाल के लिए तीसरी उड़ान से दस टन मानवीय सहायता भेजी। विदेश मंत्रालय ने कहा – 320 भारतीय नागरिकों से अब भी कोई सम्पर्क नहीं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रक्षाबंधन पर प्रदेश की महिलाओं के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।
- चतुर्थ केदार भगवान रुद्रनाथ के कपाट 17 अक्टूबर को बंद होंगे
- सरकारी उपायों से बाजार में चीनी की उपलब्धता बढ़ी, मिलों से सीधे प्राप्त चीनी की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट।
- और..प्रदेश के अधिकांश जिलों में रूक–रूक कर बारिश का दौर जारी।

**नेपाल बाढ़**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि नेपाल में बुधवार को अचानक बाढ़ के बाद 320 भारतीय नागरिकों से संपर्क नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि अन्य देशों के भारतीय मूल के लगभग 100 लोगों से भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। श्री जायसवाल ने नई दिल्ली में बताया कि तमिलनाडु के इक्कीस भारतीय नागरिक बाढ़ प्रभावित इलाके से नई दिल्ली पहुँच गए हैं।

इस बीच, भारत ने नेपाल को मानवीय सहायता बढ़ा दी है। दस टन मानवीय सहायता लेकर तीसरी उड़ान काठमांडू के लिए रवाना हो गई है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। डॉ जयशंकर ने कहा कि इस उडान में डॉक्टरों, पैरा मेडिक्स और टर्नल रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए रेकी टीम के ग्यारह सदस्य भी शामिल हैं।

**सीएम घोशणा**

भाई बहन के अटूट प्रेम के त्यौहार रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की महिलाओं के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। राजधानी देहरादून स्थित चकरपुर स्टेडियम में आयोजित रक्षाबंधन समारोह में मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश में अब 60 वर्ष की आयु से महिलाओं को रोडवेज बसों में निशुक्ल यात्रा की सुविधा दी जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री ई–बस सेवा के तहत देहरादून में संचालित होने वाली 100 इलेक्ट्रिक बसों में से 10 बसें महिलाओं के लिए पिंक ई–बस के रूप में समर्पित करने की घोषणा की। यह सुविधा चरणबद्ध तरीके से प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में विस्तारित की जाएगी। इसके

अलावा महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला स्वरोजगार योजना के तहत रियायती बैंक ऋण की सीमा दो लाख से बढ़ाकर ढाई लाख रुपये करने की घोषणा की।

श्री धामी ने राज्य के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और पर्यटन स्थलों पर महिलाओं की सुविधा, सुरक्षा और गरिमा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक हाईटेक शौचालय विकसित करने किए जाने की भी घोषणा की। इन शौचालयों में स्वच्छता के साथ महिलाओं की निजता, सुरक्षा और आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बहनों से राखी बंधवाई और रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति का सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

**रुद्रनाथ धाम के कपाट बंद**

चमोली जिले में स्थित पंचकेदारों में चतुर्थ केदार के रूप में पूजित भगवान रुद्रनाथ के कपाट 17 अक्टूबर को बंद होंगे। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर ज्योतिषीय गणना के आधार पर मंदिर के कपाट बंद करने का मुहूर्त निर्धारित किया गया। रुद्रनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी हरीश भट्ट ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी साझा की।

मुख्य पुजारी के अनुसार, 17 अक्टूबर को कार्तिक संक्रांति के पर्व पर शाम 7 बजकर 47 मिनट पर सूर्य के तुला राशि में प्रवेश करने के साथ कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू होगी। साथ ही इस वर्ष की रुद्रनाथ धाम की यात्रा का समापन हो जाएगा।

कपाट बंद होने के बाद भगवान रुद्रनाथ की उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल की ओर प्रस्थान करेगी, जहां श्रद्धालु शीतकाल में भगवान के दर्शन कर सकेंगे। मंदिर समिति और स्थानीय श्रद्धालुओं ने कपाट बंद होने की तिथि घोषित होने के बाद आगामी धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

**छापामारी अभियान**

प्रदेश में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बागेश्वर जिले के गरुड़ क्षेत्र में विभाग ने विशेष निरीक्षण अभियान के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए सात नमूने लिए। इस संबंध में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि इनमें पांच मिठाई, एक मावा और एक बेसन का नमूना शामिल है। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

विभाग ने बताया कि मिलावटखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**चीनी**

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में चीनी की कोई कमी नहीं है और उचित कीमतों पर पर्याप्त मात्रा में चीनी उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे। उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने बताया कि हाल के दिनों में चीनी की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि खुदरा चीनी की कीमतें भी कम होने लगी हैं।

मौसम

और अब बात करते हैं आज के मौसम की। राजधानी देहरादून समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में रूक–रूक कर बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज राज्य के सभी जिलों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की है।

इस बीच विभाग ने बारिश के दौरान भूस्खलन और सड़क अवरोध की आशंका को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने और मौसम की स्थिति को देखते हुए ही यात्रा करने की अपील की है।

जबकि प्रशासन की ओर से अवरूद्ध मार्गों को खोलने का कार्य किया जा रहा है।

**हादसा**

टिहरी जिले के भद्रकाली से आगे कपटियाल मोड़ के पास देर रात दिल्ली जा रही एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस के नीचे दबने से स्कूटी सवार दो लोगों की मुत्यु हो गई, जबकि बस में सवार छह यात्रियों के घायल होने की सूचना है।

पुलिस के अनुसार, बस जानकीसेतु पार्किंग से निकलकर दिल्ली की ओर जा रही थी। बस में करीब 60 यात्री सवार थे। सूचना मिलते ही थाना मुनि की रेती पुलिस, एसडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

**राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने यूजीसी–नेट 2026 की 84 विषयों की अंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दी है। विद्यार्थी लॉगिन करके अपने विषय की उत्तर कुंजी देख सकते हैं। विषय की उत्तर कुंजी ugcnet.nta.nic.in पर उपलब्ध है।

एनटीए ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप, सहायक प्रोफेसर पद की पात्रता और पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए 22 से 30 जून 2026 तक 87 विषयों में यूजीसी–नेट परीक्षा आयोजित की थी। बाद में इन विषयों में कई त्रुटियों की शिकायतों के बाद एनटीए ने यूजीसी–नेट परीक्षा के तीन पेपरों अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र के लिए पुनः परीक्षा कराई थी।

## हस्तांतरण

पौड़ी गढ़वाल जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने श्रीनगर बस अड्डे के हस्तांतरण की प्रक्रिया को हर हाल में 31 अगस्त तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक औपचारिकताएं जल्द पूरी करने को कहा।

इसके साथ ही श्रीनगर में निर्माणाधीन गंगा संस्कृति केंद्र, अपर चोपड़ा क्षेत्र की पार्किंग समेत अन्य विकास परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं और विकास परियोजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को इनका लाभ समय पर मिल सके। जबकि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण के मामलों में प्रभावी कार्रवाई के निर्देश देते हुए तहसीलवार चालानी और प्रवर्तन कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा।

## किसान–वैज्ञानिक संवाद

भाकृअनुप–विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा और कृषि विज्ञान केंद्र, तवांग ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में किसान–वैज्ञानिक संवाद, मंडुआ प्रक्षेत्र दिवस और मिलेट थ्रेशर के प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए।

संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्मी कांत के मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रमों में किसानों को उन्नत मंडुआ उत्पादन तकनीक, फसल प्रबंधन, कटाई और कटाई के बाद की तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही वैज्ञानिकों ने किसानों की खेती से जुड़ी समस्याओं और तकनीकी जरूरतों पर भी चर्चा की।